**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2553**
**सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन,1947 (शक)**

**कोल्हापुर में किए गए श्रम निरीक्षण**

**†2553.श्री शाहू शहाजी छत्रपती:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सरकार द्वारा कोल्हापुर जिले में किए गए श्रम निरीक्षणों की संख्या का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस प्रकार के निरीक्षण किसी केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किए जाते हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा जारी किए गए नोटिसों की संख्या और अधिरोपित अर्थदंड का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): श्रम, समवर्ती सूची के अंतर्गत एक विषय होने के कारण, केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों दोनों द्वारा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में लागू किया जाता है। केन्द्रीय क्षेत्र में, प्रवर्तन केन्द्रीय औद्योगिक संबंध तंत्र (सीआईआरएम) के अधिकारियों द्वारा किया जाता है, जबकि राज्य क्षेत्र में अनुपालन, राज्य श्रम प्रवर्तन तंत्र के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आने वाले कोल्हापुर जिले में श्रम निरीक्षणों से संबंधित रिकार्ड महाराष्ट्र सरकार द्वारा रखे जाते हैं।

केंद्रीय क्षेत्र में, श्रम निरीक्षण, श्रम सुविधा पोर्टल नामक एक केंद्रीकृत ऑनलाइन प्रणाली, के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं। पिछले तीन वर्षों के दौरान, कोल्हापुर जिले में सीआईआरएम के अधिकारियों द्वारा 25 निरीक्षण किए गए और 25 नोटिस जारी किए गए थे।

*****